# हिन्दी

# (301)

# शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र

**कुल अंक: 20**

**निर्देशः** (i) सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(ii) उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

**1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2**

(क) जायसी के 'पद्मावत' में प्रेम के स्वरूप का उल्लेख करते हुए आधुनिक संदर्भ में उसके महत्व को प्रतिपादित कीजिए। (पाठ-1 देखें)

(ख) 'हिमाद्रि तुंग श्रृंग से' कविता में अभिव्यक्त राष्ट्रीय चेतना पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। (पाठ-4 देखें)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2**

(क) प्रो. रघुवंश के जीवन से आपको क्या शिक्षा मिलती है। किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए। (पाठ-11 देखें)

(ख) 'दो कलाकार' कहानी की प्रमुख पात्र अरुणा की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (पाठ-4 देखें)

**3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2**

(क) 'ठेस' कहानी मुख्य पात्र सिरचन की ऐसी कौन सी दो विशेषताएँ है जो आपको अत्याधिक प्रभावित करती हैं? स्पष्ट कीजिए। (पाठ-14 देखें)



Contact for Solutions Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(ख) अज्ञेय की कविता 'नदी के द्वीप' में नदी के प्रतीक का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

(पाठ-6 देखें)

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4**

(क) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के संदेश को सविस्तार प्रस्तुत कीजिए और आज के परिवेश के संदर्भ में व्याख्या कीजिए। (पाठ-4 देखें)

(ख) यक्ष-युधिष्ठिर संवाद के किन्हीं चार प्रमुख जीवनादर्शों का उल्लेख अपने शब्दों में कीजिए। (पाठ-22 देखें)

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4**

(क) फीचर लेखन के प्रमुख चरणों को सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए। (पाठ-19 देखें)

(ख) एक प्रभावी मंच संचालक की चार प्रमुख विशेषताओं का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। (पाठ-22 देखें)

**6. नीचे दी गई परियोजनाओं में से कोई एक परियोजना तैयार कीजिए। 6**

(क) भक्तिकाल और आधुनिक काल के चार-चार कवियों का परिचय तथा उनकी प्रमुख रचनाओं का विवरण चित्र सहित प्रस्तुत कीजिए। (पाठ-1 से 8 तक देखें)

(ख) किन्हीं तीन हिंदी अखबारों की एक-एक रिपोर्टिंग को काटकर ए-4 साइज के काग़ज पर चिपकाइए। साथ ही रिपोर्टिंग के गुणों के आधार पर उनकी विशेषताओं के बारे में लिखिए। (पाठ-19 देखें)



**Contact for Solutions Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**